Ruling regarding notices of Adjournment Motion

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्यगण, कई माननीय सदस्यों के द्वारा स्थगन प्रस्ताव की सूचना दी गई है, अभी स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं आ जाने दीजिए । आप बैठ जाएं ।

(व्यवधान)

माननीय सभापति: डॉ. निशिकान्त दुबे जी, आप बैठ जाएं, आप लोग भी बैठ जाएं । मैं निशिकान्त दुबे जी को भी कह रहा हूं कि बैठ जाएं । सतीश जी, आप लोग बैठ जाएं । ये लोग बैठ गए, आप भी बैठ जाइए । मैं पहले स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं ले रहा हूं, जिसके बारे में अध्यक्ष जी ने अपना निर्णय दिया है । आप सभी लोग बैठ जाएं । अध्यक्ष जी द्वारा जो स्थगन प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया है, मैं उसका उल्लेख करने जा रहा हूं । अखिलेश जी, आप बैठ जाएं ।

माननीय सभापति: माननीय सदस्यगण, माननीय अध्यक्ष जी को कई माननीय सदस्यों के द्वारा विभिन्न विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं । माननीय अध्यक्ष जी ने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है ।

(व्यवधान)

माननीय सभापति**:** आप वेल में मत आइए, जो पत्र सभा पटल रखे जाने हैं, उसमें आप सहयोग करें ।

(व्यवधान)